## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 01.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर एक दिन के पोस्ट बजट वेबिनार को किया संबोधित, झारखंड के सभी 24 जिलों के हितधारक भी कार्यक्रम में हुए शामिल।
- झारखंड विधानसभा में आज से नये विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद करेंगे उदघाटन।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देशभर के जन औषधि जन चेतना सप्ताह का किया शुभारंभ, जनऔषधि परियोजना को जनआंदोलन बनाने का किया आग्रह।
- केंद्र सरकार ने पासपोर्ट नियमों में किया संशोधन, 1 अक्टूबर, 2023 के बाद जन्मे आवेदकों के लिए केवल बर्थ सर्टिफिकेट ही होगा जन्म तिथि का प्रमाण।
- रांची के होटवार जेल से फरार उग्रवादी की तलाश तेज, गुमला सीमा की गयी सील, संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर एक दिन के पोस्ट बजट वेबिनार को अब से कुछ देर पहले संबोधित किया। इस कार्यक्रम में झारखंड के सभी 24 जिलों के हितधारक भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि कृषि सेक्टर का विकास और ग्रामीण इलाके की समृद्धि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया 21वीं सदी के भारत की ओर उत्सुकता से देख रही है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर से लोग इस देश को जानने के लिए भारत आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत एक ऐसा देश है जहां लगातार सकारात्मक खबरें बनाई जा रही हैं, खबरें गढ़ी नहीं जा रही हैं क्योंकि हर दिन नई चीजें हो रही हैं।

*******************

झारखंड विधानसभा में पहली बार चुनाव जीतकर आये 21 विधायकों के लिए आज से प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया जा रहा है। अब से थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरन कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभ के उपसभापति हरिवंश भी विधायकों की भूमिका और जिम्मेदारियों को रेखांकित करेंगे।

*******************

देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित थीं। श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

*******************

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 या उसके बाद पैदा हुए पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। पासपोर्ट नियम–1980 में संशोधन को जारी करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। नए नियमों के अनुसार जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारी, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों के लिए जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएंगे। अन्य आवेदक जन्म तिथि प्रमाण पत्र के रूप में ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र जैसे अन्य वैकल्पिक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से फरार पीएलएफआई उग्रवादी समीर तिर्की की तलाश तेज कर दी गयी है। रांची और गुमला की सीमा सील कर दी गयी है और उसके संवाभित ठिकानों पर छापेमारी की ज रही है। समीर तिर्की गुमला का रहने वाला है।

*******************

रामगढ़ जिले में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

*******************

लौह नगरी जमशेदपुर में जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186 जयंती तीन मार्च को मनायी जायेगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा और सीनियर महाप्रबंधक डॉ आर के सिंह भी मौजूद थे। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।

- खान सुरक्षा महानिदेशालय की ओर से आज 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2024 का समापन समारोह आज चतरा जिले के टंडवा प्रखंड के बचरा में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में खान सुरक्षा महानिदेशक उज्जवल राह शामिल होंगे।
- पलामू जिले में 251 अनुसेवकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इन अनुसेवकों की बहाली वर्ष 2010 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पलामू जिला प्रशासन ने सभी को बर्खास्त करने की कार्रवाई की है।
- डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने कार्यों के अलावा सीआईडी और एसीबी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।
- जमशेदपुर में प्रेस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन हो गया है। फाइनल में स्वर्णरेखा एकादश ने मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का खिताब जीत लिया है।

********************